2021/17

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट बनाम **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्रीमती सवितादेवी पत्नि श्री गोकुलसिंह
निवासी विष्णु टॉकिज के पास केसरगंज
तहसील आबूरोड़ जिला सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 07 वर्ष 2021

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
27.01.2021	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरुद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत को दिनॉक 28.10.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि प्रार्थी के नाम जारी पीपीओ आदेश RJS–04746330 के अन्तर्गत मुझे देय पेंशन राशि को माह नवम्बर 2019 के बाद किस आधार पर बन्द किया गया एवं प्रार्थी द्वारा दिनांक 01.10.2020 को उक्त पेंशन को चालू कराये जाने बाबत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर की गई कार्यवाही से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत को दिनॉक 28.10.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि प्रार्थी के नाम जारी पीपीओ आदेश RJS–04746330 के अन्तर्गत मुझे देय पेंशन राशि को माह नवम्बर 2019 के बाद किस आधार पर बन्द किया गया एवं प्रार्थी द्वारा दिनांक 01.10.2020 को उक्त पेंशन को चालू कराये जाने बाबत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर की गई कार्यवाही से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी आबूपर्वत को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें। यदि सूचना देना नियमों में संभव नहीं हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलां[illegible] करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । Signature Not Verified Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal Date: 2021.05.12 16:39:16 IST Reason: SelfAttested (भगवती प्रसाद) **जिला कलक्टर, सिरोही**	

Scanned with CamScanner